# 7 मेवाड़ का गुहिल राजवंश

1. अकबर ने राणा प्रताप को समझाने के लिए दूत के रूप में सबसे पहले किसे भेजा था?
(1) मानसिंह प्रथम (2) भगवंतदास
(3) जगन्नाथ कछवाह (4) जलाल खाँ (4)

2. मेवाड़ के किस महाराणा के समय मेवाड़ भील कोर की स्थापना की गई थी?
(1) सरदार सिंह (2) स्वरूप सिंह
(3) सज्जन सिंह (4) शम्भू सिंह (1)

3. मेवाड़ के किस महाराणा को 'ग्रेन्ड कमांडर ऑफ दी स्टार ऑफ दी इंडिया' की उपाधि दी गई थी?
(1) सरदार सिंह (2) स्वरूप सिंह
(3) भीमसिंह (4) शम्भू सिंह (4)

4. मेवाड़ के प्रथम पॉलिटकल एजेंट कर्नल जेम्स टॉड की नियुक्ति किस शासक के शासनकाल में की गई?
(1) जवान सिंह (2) अरिसिंह
(3) भीम सिंह (4) प्रताप सिंह (3)

5. मेवाड़ के सिसोदिया वंश के अंतिम शासक कौन थे?
(1) महाराणा फतेहसिंह (2) महाराणा भूपालसिंह
(3) महाराणा सज्जनसिंह (4) महाराणा शम्भूसिंह (2)

**व्याख्या–** महाराणा भूपाल सिंह का शासन 1930 ई. से 1955 ई. तक रहा। इन्हें 18 अप्रैल, 1948 ई. को राजस्थान का महाराज प्रमुख बनाया गया जो आजीवन इस पद पर कार्यरत रहे।

6. महाराणा प्रताप के सेनापति भामाशाह की जन्मस्थली है–
(1) उदयपुर (2) पाली
(3) राजसमंद (4) चित्तौड़गढ़ (2)

7. 1657 ई. मे मुगल उत्तराधिकारी संघर्ष में मेवाड़ के किस महाराणा से औरंगजेब ने सहायता प्राप्त करने का प्रयास किया था?
(1) महाराणा करणसिंह (2) महाराणा जगतसिंह
(3) महाराणा जयसिंह (4) महाराणा राजसिंह (4)

**व्याख्या–** मुगल उत्तराधिकार संघर्ष में महाराणा राजसिंह को औरंगजेब ने पत्र भेजकर दक्षिण में सैनिक सहायता भेजने की प्रार्थना की तथा राजसिंह जब खारी नदी के तट पर पहुँचा तो दाराशिकोह का भी सहायता पत्र मिला। इस संदर्भ में राजसिंह ने किसी की भी सहायता नहीं की।

8. डॉ. दशरथ शर्मा ने ............... के शासनकाल को 'मध्यकालीन मेवाड़ का स्वर्णकाल' कहा है?
(1) समरसिंह (2) क्षेम सिंह
(3) सामन्त सिंह (4) जैत्र सिंह (4)

9. महाराणा प्रताप का जन्म किस वर्ष हुआ था?
(1) 1540 (2) 1524
(3) 1535 (4) 1572 (1)

**व्याख्या–** महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 (विक्रम संवत् 1597) को कुम्भलगढ़ किले में कटारगढ़ के पास जूनी कचहरी में हुआ।

10. गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने चित्तौड़गढ़ किले पर प्रथम बार आक्रमण कब किया था?
(1) मार्च 1533 (2) मार्च 1535
(3) जून 1540 (4) जून 1530 (1)

11. 1679 ई. में मुगल सम्राट औरंगजेब व महाराणा राजसिंह के मध्य उत्पन्न कटुता का प्रमुख कारण था?
(1) औरंगजेब द्वारा गोचरभूमि को अपने अधिकार में कर लिया था।
(2) राणा राजसिंह द्वारा किशनगढ़ नरेश की पुत्री चारूमती से विवाह कर लेना।
(3) राणा राजसिंह द्वारा औरंगजेब की हिन्दू विरोधी नीति का प्रतिरोध करना।
(4) औरंगजेब द्वारा हिन्दुओं पर पुनः जजिया कर लगाना। (4)

**व्याख्या–** औरंगजेब व राजसिंह के मध्य तनाव के मुख्य कारण– चारूमती प्रकरण, हिन्दू मन्दिरों व मूर्तियों को नष्ट करवाना, हिन्दुओं पर जजिया कर लगाना, अजीतसिंह व दुर्गादास को शरण देना इत्यादि।

12. हरमाड़ा का युद्ध हाजी खान व राणा उदयसिंह के मध्य कब हुआ?
(1) 24 जनवरी 1557 (2) 24 मार्च 1552
(3) 24 जनवरी 1559 (4) 24 मार्च 1540 (1)

**व्याख्या–** हाजी खाँ ने निर्धारित समझौते के अनुसार अपनी रंगराय नामक पातर उदयसिंह को नहीं दी जिसके कारण उदयसिंह ने आक्रमण कर दिया था, जिसमें हाजी खाँ व मालदेव की संयुक्त सेना ने विजय प्राप्त की।

13. निम्नलिखित युग्म को सुमेलित कीजिए–

| (प्रमुख युद्ध) | (वर्ष) |
|---|---|
| (A) खातोली का युद्ध | i. 1519 ई. |
| (B) गागरोन का युद्ध | ii. 1517 ई. |
| (C) ईडर का युद्ध | iii. 1527 ई. |
| (D) बयाना का युद्ध | iv. 1520 ई. |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | iii | ii | i | iv |
| (4) | ii | iii | i | iv |

(2)

14. मेवाड़ का वह शासक जिसे मेवाड़ का 'पितृहंता' कहा जाता है?
(1) रायमल (2) उदा
(3) मालदेव (4) जगदेव (2)

**व्याख्या–** उदा अपने पिता कुम्भा की हत्या कर मेवाड़ का शासक बना था।

15. राणा कुम्भा ने मालवा के सुल्तान महमूद खिलजी को किस युद्ध में बंदी बनाया और 6 माह तक कैद रखा था?
(1) बयाना  (2) सारंगपुर
(3) खातोली  (4) भूताला  (2)

व्याख्या– सारंगपुर का युद्ध 1437 ई. में महाराणा कुम्भा व महमुद खिलजी प्रथम के मध्य हुआ, जिसमें खिलजी को बंदी बनाकर 6 माह कैद रखा।

16. महाराणा प्रताप को समझाने हेतु चौथी बार टोडरमल का कब भेजा था?
(1) दिसम्बर 1572 ई.  (2) जून 1572 ई.
(3) सितम्बर 1573 ई.  (4) दिसम्बर 1573 ई.  (4)

व्याख्या– अकबर ने प्रताप को अधीनता स्वीकार करवाने के लिए क्रमशः निम्न 4 शिष्टमंडल भेजे थे।
1. जलाल खाँ कोरची : नवम्बर 1572 ई.
2. मानसिंह कच्छवाहा : जून 1573 ई.
3. भगवन्तदास : सितम्बर 1573 ई.
4. टोडरमल : दिसम्बर 1573 ई.

17. किस महाराणा को 'भग्नावशेषों का उद्धारक' कहा जाता है?
(1) महाराणा प्रताप  (2) महाराणा उदयसिंह
(3) महाराणा कुम्भा  (4) महाराणा राजसिंह  (3)

18. महाराणा हम्मीर से पूर्व मेवाड़ के गुहिल शासक.......... कहलाते थे।
(1) राणा  (2) रावल
(3) सिसोदिया  (4) महारावल  (2)

व्याख्या– हम्मीर से पूर्व मेवाड़ के गुहिल शासक 'रावल' कहलाते थे तथा हम्मीर के पश्चात् मेवाड़ के गुहिल राणा या सिसोदिया कहलाए।

19. महाराणा कुम्भा के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है, उस कथन को अलग कीजिए–
(1) इन्होंने चित्तौड़ दुर्ग में कुंभ श्याम मन्दिर का जीर्णोद्वार कर विष्णु के वराह अवतार की मूर्ति स्थापित करवाई।
(2) इन्होंने चित्तौड़ किले में सुप्रसिद्ध 'कीर्ति स्तम्भ' का निर्माण करवाया।
(3) इन्हें चित्तौड़गढ़ दुर्ग का आधुनिक निर्माता कहा जाता है।
(4) बदनौर युद्ध विजय के उपलक्ष्य में इन्होंने कुंभ श्याम मन्दिर का निर्माण करवाया।  (4)

व्याख्या– महाराणा कुम्भा ने बदनौर विजय के उपलक्ष्य में बदनोर (भीलवाड़ा) में कुशाला माता के मन्दिर का निर्माण करवाया।

20. इब्राहिम लोदी ने खातोली में हुए युद्ध की हार का बदला लेने के लिए 'बाड़ी के युद्ध' में किसके नेतृत्व में राणा सांगा के खिलाफ सेना भेजी थी?
(1) मियाँ हुसैन फरमूली व मियाँ माखन
(2) निजामुद्दीन अहमद व मेंहदी ख्वाजा
(3) दौलत खाँ लोदी व आलम खाँ लोदी
(4) आलम खाँ लोदी व मियाँ माखन  (1)

21. मेवाड़ का वह पहला शासक जिसने अफगानों की अधीनता स्वीकार की थी?
(1) भोजराज  (2) महाराणा रतनसिंह
(3) महाराणा विक्रमादित्य  (4) महाराणा उदयसिंह  (4)

व्याख्या– 1544 ई. शेरशाह सूरी द्वारा मेवाड़ पर किए गए आक्रमण जिसमें उदयसिंह ने चित्तौड़ दुर्ग की चाबियाँ सूरी को सौंप दी। ऐसा कर अफगान अधीनता स्वीकार करने वाला मेवाड़ का पहला शासक उदयसिंह हुआ।

22. 1536 ई. में बनवीर किसकी हत्या करके मेवाड़ का शासक बना था?
(1) उदयसिंह  (2) विक्रमादित्य
(3) भोजराज  (4) रतनसिंह  (2)

23. चित्तौड़ के दूसरे साके में देवलिया प्रतापगढ़ के ............... को महाराणा का प्रतिनिधि बनाया गया था।
(1) राणा सज्जासिंह  (2) विक्रमादित्य
(3) रावत बाघसिंह  (4) पद्मशाह  (3)

व्याख्या– इस साके में कर्मावती ने अपने दोनों पुत्रों विक्रमादित्य व उदयसिंह को उनके ननिहाल बूँदी भेज दिया।

24. प्रसिद्ध संगीतशास्त्र के ज्ञाता व एकलिंगमहात्मय के रचनाकार कान्हा व्यास किस शासक के दरबारी कवि थे?
(1) सवाई जयसिंह  (2) महाराणा कुम्भा
(3) महाराणा अमरसिंह  (4) मिर्जाराजा जयसिंह  (2)

व्याख्या– कुम्भा के मुख्य दरबारी विद्वान श्री सारंग व्यास, कान्हा व्यास, अत्रि भट्ट, महेश भट्ट, मंडन, नाथा, गोविंद, सोम सुन्दर सूरी, जय चन्द्र सूरी, भुवन कीर्ति, सोमदेव, मुनि सुन्दर सूरी, भुवन सुन्दर सूरी व टिल्लाभट्ट आदि।

25. मेवाड़ का वह शासक जिसने अपनी पत्नी तारा के नाम पर 'तारागढ़ किले' का निर्माण करवाया था?
(1) महाराणा रायमल  (2) महाराणा संग्रामसिंह
(3) कुँवर पृथ्वीराज  (4) महाराणा भीमसिंह  (3)

26. जैत्रसिंह व इल्तुतमिश के मध्य हुए 'भूताला के युद्ध' में जैत्रसिंह के सेनापति कौन थे?
(1) वास्तुपाल व तेजपाल  (2) बालक व मदन
(3) जयमल व फत्ता  (4) धीमा व मीरबक्श  (2)

27. कुंभलगढ़ प्रशस्ति के अनुसार निम्न में से किस शासक ने नेपाल में गुहिल वंश की स्थापना की थी?
(1) रतनसिंह  (2) कुम्भकरण
(3) जैत्रसिंह  (4) तेजसिंह  (2)

28. निम्न में से किस रानी के तोते का नाम 'हीरामन तोता' था?
(1) जैवंताबाई  (2) सहलकंवर
(3) रानी पद्मिनी  (4) रानी कर्मावती  (3)

29. निम्न में से कौन मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश के नहीं थे?
(1) क्षेत्रसिंह  (2) महाराणा हम्मीर
(3) जैत्रसिंह  (4) लक्षसिंह  (3)

व्याख्या– जैत्रसिंह मेवाड़ के गुहिल राजवंश से सम्बंधित था।

30. देबारी समझौता जिन रियासतों के बीच में हुआ था, निम्न में से वह रियासतें कौनसी है?
(1) मारवाड़, मेवाड़ व टोंक (2) मारवाड़, मेवाड़ व धौलपुर
(3) मारवाड़, ढूँढाड़ व मेवाड़ (4) कोटा, मारवाड़ व मेवाड़ (3)

31. 1615 ई. मे हुई मेवाड़–मुगल संधि की प्रमुख शर्ते कौन–कौन सी थी?
(1) कुँवर कर्णसिंह 1000 घुड़सवारों के साथ मुगल दरबार में रहेगा।
(2) मेवाड़ को वैवाहिक सम्बन्धों के लिए बाध्य नहीं किया जायेगा।
(3) चित्तौड़ किले के परकोटे का निर्माण व मरम्मत नहीं की जाएगी।
(4) उपर्युक्त सभी। (4)

32. प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान झोटिगं भट्ट व धनेश्वर भट्ट किसके दरबार में थे?
(1) महाराणा क्षेत्रसिंह (2) महाराणा कुम्भा
(3) महाराणा हम्मीर (4) महाराणा लाखा (4)

33. मेवाड़ के किस शासक का काल मेवाड़ चित्रशैली का स्वर्णकाल कहलाता है?
(1) तेजसिंह (2) महाराणा प्रताप
(3) अमरसिंह (4) जगतसिंह प्रथम (4)

34. हल्दीघाटी युद्ध के पश्चात् महाराणा प्रताप को उनके घायल सैनिकों का उपचार निम्न में से किस स्थान पर किया गया था?
(1) बलिचा गाँव (2) कोल्यारी गाँव
(3) केलवाड़ा गाँव (4) आवरगढ़ (2)

**व्याख्या–** युद्ध भूमि से महाराणा प्रताप व उनके सैनिक कोल्यारी गाँव पहुँचे, जहां घायल सैनिकों का इलाज करवाया तथा कमलनाथ पर्वत के निकट स्थित आवरगढ़ को अपनी अस्थायी राजधानी बनाया।

35. महाराणा सांगा को किस जगह 30 जनवरी 1528 ई. को उनके सहयोगियों द्वारा विष दे दिया गया था जिससे महाराणा सांगा की मृत्यु हो गई?
(1) बसवा (2) ईरिच
(3) कालपी (4) मांडलगढ़ (3)

36. हसन खाँ मेवाती कौन था?
(1) राणा सांगा का सेनापति (2) महाराणा प्रताप का सेनापति
(3) बाबर का सेनापति (4) अकबर का सेनापति (1)

37. हल्दीघाटी के युद्ध के बाद अकबर द्वारा महाराणा प्रताप के खिलाफ भेजे गए प्रमुख सैनिक अभियान में कौनसा सही सुमेलित नहीं है?
(1) 1577 – शाहबाज खाँ
(2) 1580 – अब्दुल रहीम खानमखाना
(3) 1584 – जगन्नाथ कछवाहा
(4) 1578 – टोडरमल (4)

**व्याख्या–** अकबर द्वारा अधीनता स्वीकार करवाने के लिए दिसम्बर 1573 ई. में टोडरमल को महाराणा प्रताप को समझाने हेतु भेजा था।

38. हल्दीघाटी एवं खानवा से सम्बन्धित जिलों का क्रमशः सही युग्म कौन सा है–
(1) उदयपुर व धौलपुर (2) राजसमंद व करौली
(3) चित्तौड़गढ़ व धौलपुर (4) राजसमंद व भरतपुर (4)

39. मेवाड़ व मारवाड़ के मध्य 'आंवल –बावल की संधि कब हुई थी?
(1) 1453 ई. (2) 1553 ई.
(3) 1352 ई. (4) 1561 ई. (1)

**व्याख्या–** 1453 ई. में हंसाबाई की मध्यस्थता से मेवाड़ व मारवाड़ (कुम्भा व जोधा) के बीच संधि हुई। इस संधि में सीमा निर्धारण इस प्रकार हुआ कि जहां तक आम–आंवल के पेड़ हो वहां मेवाड़ तथा बबूल के पेड़ हो वहां जोधपुर (मारवाड़) का भाग माना गया।

40. निम्न में से 'सिंगोली का युद्ध' किनके मध्य लड़ा गया था?
(1) महाराणा कुम्भा व मोहम्मद बिन तुगलक
(2) महाराणा लाखा व गयासुद्दीन तुगलक
(3) महाराणा हम्मीर व मोहम्मद बिन तुगलक
(4) महाराणा क्षेत्रसिंह व दिलावर खाँ (3)